Title : Regarding need to introduce Inter-City Express between Reewa and Jabalpur and provide other facilities at Reewa Railway Station.

(vi) Need to introduce Inter-City Express between Reewa and

Jabalpur and provide other facilities at Reewa Railway Station

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र की रेल संबंधी कठिनाइयों तथा इस संबंध में पिछले काफी समय से जनता की चली आ रही मांग की ओर सदन तथा रेल मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। रीवा-जबलपुर के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी चलाएं, क्योंकि जबलपुर एक बहुत बड़ा व्यावसायिक केंद्र है और रीवा से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग जबलपुर आते-जाते हैं। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 2427/2428 के समय में परिवर्तन किया जाए। रीवा-सतना के यात्रियों के लिए मुंबई के लिए महानगरी एक्सप्रेस अथवा मुंबई-हावड़ा मेल में एक कोच लगाया जाए क्योंकि यहां पर प्रतिदन सैकड़ों की संख्या में लोग मुंबई आते-जाते हैं। इसी प्रकार रीवा-विलासपुर चिरमिरी पैसेंजर को दुर्ग तक बढ़ाया जाए तथा एक 3ए.सी. कोच इसमें लगाया जाए। रीवा रेलवे स्टेशन पर दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाना नितांत आवश्यक है। दूसरा प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा रेल मंत्री महोदय से अनुरोध है कि रीवा, सतना, जबलपुर की जनता की लंबे समय से चली आ रही उक्त मांगों के निराकरण करने हेतु योग्य निर्देश प्रदान करने का क्ट करें।